सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

2016/00015

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सैपऊ

पीठासीन अधिकारी – हरिसिह लंम्बोरा आर0 ए0 एस0

प्रकरण सख्या– 04/2016

1–कमला पत्नी रामकिशन 2–मुकेश 3–हरिकेश पुत्रगण रामकिशन 4–रामजीलाल पुत्रश्री भगवन्त दौराने फौत 4/1–रामअवतार पुत्र रामजीलाल 4/2–मीरा पुत्री रामजीलाल 4/3–विमला पुत्री रामजीलाल 5–शिवचरन पुत्र भगवन्त 6–ठकुरी 7–सोमेश 8–धुर्वेश 9–रामलखन पिसरान रामकिशन नाबालिंग सरपरस्ती माता खुद पत्नी रामकिशन 10–घूरेलाल पुत्र रामजीलाल समस्त जातिगण गुसांई निवासीगण ग्राम पुरा करीमपुर तहसील सैपऊ जिला धौलपुर

––प्रार्थीगण

बनाम

1–राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार सैपऊ
2–सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग धौलपुर

––अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र धारा 136 राज0 भू0राजस्व अधिनियम वास्ते दुरूस्ती ईन्द्राजात

उपस्थिति– 1–श्री योगेश एडवोकेट– प्रार्थीगण

निर्णय **दिनांक: 28.03.2019**

प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 136 राजस्थान भूराजस्व अधिनियम इस आशय का पेश किया कि प्रार्थीगण के पुर्व पुरूष स्व0 भगवन्द बल्द मानसिह कौम गुसांइ निवासी पुरा करीमपुर गत खसरा नम्बर 55/1 रकवा 1 वीघा 2 विश्वा तथा 55/2 रकवा 03 विश्वा वाके ग्राम करीमपुर के खातेदार काश्तकार थे तथा 55/2, 55/1 शामिल नम्बर थे 55/2 रकवा 3 विश्वा मे होकर सडक निकल गई थी तथा गत खसरा नम्बर 55/1 रकवा 1 वीघा 2 विश्वा प्रार्थीगण के पूर्वज भगवंत राजस्व रिकॉर्ड एंव मौके पर काविज रहे। बन्दोवस्त विभाग ने खसरा नम्बर 55/1 रकवा 1वीघा 2 विश्वा का बन्दोवस्ती नक्शा पूर्णतः दुरूस्त किया था लेकिन त्रुटिवश मिसिल वन्दौवस्त एंव मिलान क्षेत्रफल में हाल खसरा नम्बर 535 को गत खसरा नम्बर 55/1 रकवा 1 वीघा 2 विश्वा में से कायम कर रकवा हाज खसरा नम्बर 535 का रकवा 19 विश्वा के स्थान पर 2 विश्वा अंकित कर दिया । प्रार्थीगण के खातेदारी के गत खसरा नम्बर 55 में से 3 विश्वा रकवा रोड के हाल खसरा नम्बर

उपखण्ड अधिकारी
सैंपऊ

526 वाके ग्राम करीमपुर में गया था। लेकिन भूलवश 3 विश्वा के बजाय रोड में जाने वाले गत खसरा नम्बर 55 मिन का रकवा 1 वीघा 2 विश्वा अंकित कर दिया था । न्यायहित में गत खसरा नम्बर 55 मिन रकवा 1 वीघा 2 विश्वा जिसका हाल ख0 न0 526 रकवा 16 वीघा 5 विश्वा है मे से 17 विश्वा रकवा कम करके प्रार्थीगण की खातेदारी के हाल ख0 न0 535 मे 17 विश्वा सम्मिलित किया जाकर अंकित कर इन्द्राज दुरूस्त करने का निवेदन किया है। अंत में प्रार्थना की है कि प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर हाल खसरा नम्बर 534 वाके ग्राम पुरा करीमपुर के बन्दौवस्त से पूर्व के रिकॉर्ड एंव मौके को देखते हुये हाल ख0 न0 535 रकवा 2 विश्वा के स्थान पर 19 विश्वा मुताविक मौका अंकित किया जावें साथ में नकल खाता संख्या 7 जमावन्दी संवंत 2068–71 वाके ग्राम पुरा करीमपुर, नक्शा वन्दौवस्ती खसरा नम्बर 535 वाके ग्रम करीमपुर, नक्शा तरमीम हाल खसरा नम्बर 535, खाता संख्या 359 जमावन्दी संवत 2012–15 वाके ग्राम करीमपुर, खसरा गिरदावरी संवत 2010–12 खसरा नम्बर 55/1, 55/2 वाके ग्राम करीमपुर, नक्शा ट्रेस खसरा नम्बर 535 वाके ग्राम करीमपुर, खाता संख्या 9 जमावन्दी संवत 2064–67 वाके ग्राम करीमपुर, मिलान क्षेत्रफल खसरा नम्बर 535 वाके ग्रम करीमपुर प्रस्तुत किये है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी (तहसीलदार सैपऊ) को जरिये नोटिस तलब किया गया। नायब तहसीलदार सैपऊ ने मौका रिपार्ट दिनांक 24.06. 2016 में अंकित किया है कि आराजी ख0 न0 535 मुताविक राजस्व रिकॉर्ड जमावन्दी संवत 2068–71 पुरा करीमपुर के खाता संख्या 7 पर खसरा नम्बर 535 रकवा 2 विश्वा किस्म वारानी दोयम कमला पत्नी स्व0 श्री रामकिशन बगैरा जाति गुसांइ साकिन देह खातेदार दर्ज रिकॉर्ड है। मौके पर मुताविक नक्शा लठ्ठा खसरा नम्बर 535 का रकवा लगभग 19 विश्वा मौजूद है। जमावन्दी संवंत 2012–15 में तथा जमावन्दी संवत 2020–23 व 2016–19 की जमावन्दी में खसरा नम्बर 55/1 रकवा 1वीघा 2 विश्वा दर्ज है। मौके पर कमला बगैरा काविज काश्त है। साक्ष्य के रूप में कमला , घूरेलाल, शिवचरन, महेश ने शपथ पत्र प्रस्तुत किये है इनमे भी हाल खसरा नम्बर 535 मे से रकवा 17 विश्वा सम्मिलित किया जाकर 19 विश्वा अंकित करने का उल्लेख है।

हमने बहस सुनी तथा पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावैजो एंव नायब तहसीलदार सैपऊ की रिपोर्ट के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थीगण के पूर्वज स्व0 भगवंत साविक आराजी खसरा नम्बर 55/1 रकवा 1 वीघा 02विश्वा एंव 55/2 रकवा 03 विश्वा वाके ग्राम करीमपुर का खातेदार काश्तकार था तथा मौके पर भी वर्तमान में 19 विश्वा क्षेत्रफल मौजूद हे जिस पर प्रार्थीगण काविज है। तथा नक्शा किस्तवार व नकशा बन्दौवस्ती व नक्शा ट्रेस भी हुई त्रृटि को स्पष्ट करता है। अतः प्रार्थीगण द्वारा रकवा दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत किया गया प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है ।

अत : आदेश है कि प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार किया जाता है । प्रार्थीगण के नाम दर्ज खातेदारी के खसरा नम्बर 535 का रकवा 2 विश्वा के स्थान पर 19 विश्वा स्थित वाके ग्राम पुरा करीमपुर तहसील सैपऊ का रकवा दुरूस्त कर 2 विश्वा के स्थान

उपखण्ड अधिकारी
सैंपऊ

र 19 विश्वा दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार सैपऊ को पालना हेतु तहरीर जारी की जावे । पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक **28.03.2019** को मेरे द्वारा लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया ।

(हरिसिह लम्बोरा)
उपखण्ड अधिकारी
सैपऊ

कारी ★ सैपऊ ★